ग्रेटर नोएडा में हर साल बनेंगे पांच लाख रोबोट

लखनऊ, विशेष संवाददाता। उत्तर प्रदेश का नोएडा (गौतमबुद्ध नगर) अब रोबोटिक्स हब के रूप में भी जाना जाएगा। रोबोट बनाने वाली कई प्रमुख कंपनियों ने यहां बड़ा निवेश करने के लिए जमीन ली है। ग्रेटर नोएडा में रोबोट बनाने से 12 हजार से अधिक लोगों को रोजगार तो मिलेगा और इन कंपनियों में बने रोबोट चीन की बड़ी कंपनियों को टक्कर देंगे।

प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि जटिल रोबोट बनाने में दक्ष एडवर्ब टेक्नोलॉजीज दुनिया की सबसे बड़ी रोबोटिक्स फैक्ट्री ग्रेटर नोएडा में लगा रही है। विश्व में रोबोट निर्माण की प्रमुख कंपनी एडवर्ब टेक्नोलॉजी ने ग्रेटर नोएडा के इकोटेक 10 में करीब 13 एकड़ जमीन खरीदी है। यह कंपनी अगले चार साल में 500 करोड़ रुपये का निवेश कर इकाई शुरू कर देगी। इससे करीब 2000 युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। इस फैक्ट्री में हर साल 5 लाख रोबोट बनेगे। इस फैक्ट्री में बने रोबोट चीन की बड़ी कंपनियों को टक्कर देंगे।

ये कंपनियां भी रोबोट बनाने को यूपी आईं

एलनटेक इंडिया., गुरु अमरदास इंटरनेशनल और टेरॉन माइक्रो सिस्टम ने भी रोबोट बनाने के लिए जमीन ली है। मोबाइल पार्ट्स बनाने वाली कोरियन कंपनी एलनटेक इंडिया ने ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक वन एक्सटेंशन वन में दो प्लॉट खरीदे हैं। यह कंपनी करीब 1000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इसमें 8000 युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे।